तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर





12 हरवेल उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर...





12 शिविर में मिले आवेदनों का करें निराकरण योजनाओं ...


## खबर संक्षेप



### तैराकी की बारीकियां सीख रहे खिलाड़ी

**बीजापुर।** जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ 10 मई को किया गया। स्विमिंग पूल में चारों विकासखंड के विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 50 खिलाड़ी प्रतिदिन सुबह और शाम को तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। कोच दीप्ति वर्मा द्वारा तैराकी की बेसिक जानकारी के साथ एडवांस तकनीक को बताते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ी बड़ी संख्या में तैराकी में रुचि ले रहे हैं तथा प्रतिभागियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। आदिवासी क्षेत्र के बच्चों में तैराकी की नैसर्गिक प्रतिभा पहले से ही होती है, जिसे इस शिविर के माध्यम से और बेहतर बनाते हुए, उन्हें प्रोफेशनल तैराक बनाया जा रहा है, ताकि वे खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगियों में अपने जिले, राज्य और आगे चल कर देश के लिए पदक अर्जित कर सकें।

### आकाशीय बिजली से हुआ इंश्यूलेटर भष्ट





**जगदलपुर।** सुबह बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिससे विद्युत कंपनी के धरमपुरा जोन के कंगोली फीडर के इंश्युलेटर भष्ट हुए। इससे बिजली प्रभावित होने से सहायक अभियंता एसआर भद्रे के नेतृत्व में एक दर्जन कर्मचारी घंटों सुधारने जुटे रहे। इंश्युलेटर सुधारने के बाद बंद बिजली बहाल हुई तक उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### कोटमसर रेंज में स्टॉप डेम निर्माण की होगी जांच

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में कोटमसर रेंज में पांच वर्ष पूर्व बने स्टॉप डेम निर्माण में 75 लाख रूपए की अनियमितता की शिकायत मिली। इसमें उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने इसकी जांच के लिए टीम गठित की, जो जांच करेगी।

### स्वसहायता समूह करेगी निर्माण यूनिट का संचालन

**दंतेवाड़ा।** जिले के महिला बाल विकास विभाग के 8 परियोजना अंतर्गत रेडी टू ईट निर्माण यूनिट स्थापित किए जाएगें। इनमें से पांच स्थान कुआकोंडा, बड़े गुडरा, गीदम, बारसूर, दंतेवाड़ा में रेडी टू ईट निर्माण यूनिट स्थापित करने के लिए स्वचालित मशीनें क्रय की जा रही है। इस निर्माण यूनिट के संचालन का जिम्मा स्व सहायता समूहों की महिलाओं को दिया जाएगा।

# इंद्रवती टाइगर रिजर्व बीजापुर में आबाद हो रहा संकटग्रस्त गिद्धों का कुनबा

## आईटीआर में वर्ष 2021 में थे 55 अब बढ़कर हुए 300 से ज्यादा गिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

विलुप्ति के कगार पर पर पहुंच चुके गिद्धों के लिए इंद्रवती टाइगर रिजर्व सुरक्षित रहवास बन गया है। पूरे देश में जहां गिद्धों की संख्या घट रही है वहीं आईटीआर बीजापुर में इनकी वंश वृद्धि जीव वैज्ञानिकों के लिए अच्छी सूचना है। गत तीन वर्षों से विभाग ने रिजर्व इलाके में इनके संरक्षण के लिए गिद्ध परियोजना का संचालित कर रहा है। जिसके परिणाम आने शुरू हो गए हैं, यही वजह है कि इन दिनों इस रिजर्व क्षेत्र के मद्देड़ इलाके में सैंकड़ों की संख्या में गिद्धों को देखा जा सकता है। वर्तमान में यहां पर 300 से अधिक गिद्धों को देखा जा सकता है, जिनमें कई संकटग्रस्त प्रजाति के गिद्ध भी शामिल हैं। केंद्रीय पर्यावरण व जलवायु मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे गिद्ध परियोजना के पूर्व इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में गिद्धों की संख्या नगण्य थी। यहां सबसे ज्यादा यूरेशियन ग्रिम्फान की संख्या देखने को मिलते थे। इसके अलावा विलुप्त प्रजाति के गिद्धों व्हाइट रम्पड वल्चर एवं इंडियन वल्चर की संख्या भी कहीं कहीं दिखाई देती ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मद्देड़ की पहाड़ियों में बढ़े गिद्ध

बताया जा रहा है कि इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के मद्देड़ इलाके में स्थित सकल नारायणी की पहाड़ियों में इन दिनों बहुतायत में गिद्धों की टोली देखी जा रही है। इस इलाके को गिद्धों के रहवास और अनुकूल परिस्थितियों के चलते सबसे सुरक्षित और संरक्षित इलाके की श्रेणी में रखा गया है। यहां की पहाड़ियों की चट्टानों में घोंसलेनुमा स्थान में गिद्ध अंडे देते हैं और यही स्थान को अपनी कुनबा बढ़ाने में सबसे सुरक्षित रहवास की तरह उपयोग कर रहे हैं।



### गिद्ध परियोजना चलाई जा रही

इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि रिजर्व में गिद्धों की संरक्षण व संवर्धन के लिए गिद्ध परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना के तहत गिद्धों को सहज आहार उपलब्ध कराने के लिए गिद्ध रेस्टोरेंट संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में मद्देड़ के पर्वतीय इलाकों में तीन गिद्ध रेस्टोरेंट संचालित हैं, जिनमें विभाग और आसपास के ग्रामीणों द्वारा गिद्धों के लिए भोजन के लिए मृत जानवरों, मवेशियों और अन्य भोज्य सामग्री उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## हमला : नक्सलियों से खतरा को देखते हुए भाजपा नेता को दी गई है सुरक्षा

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर आरक्षक ने चलाई गोली, बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिला उपाध्यक्ष पर आरक्षक द्वारा सर्विस रिवाल्वर से गोली चलाने का मामला प्रकाश में आया है। भाजपा नेता ने इसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की है। घटना की जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू ने बताया कि वह भैरमगढ़ में अपने निवास में थे तभी कुटरू में पदस्थ आरक्षक जलेन कुमार कर्मा ने उन्हें फोन किया और कहा कि आपसे मिलना है। लेकिन वह उनसे मिलना नहीं चाहते थे लेकिन उनके द्वारा तीन बार कॉल करने पर वह जलेनराम कर्मा के बताए हुए स्थान में पहुंचा। जहां आरक्षक जलेनराम कर्मा ने एक हजार रुपए की मांग की तो उन्होंने दे दिया। इसके बाद उस रुपए से उसने बीयर मंगाया गया, जिसे सभी ने पिया। इसके बाद जलेनराम कर्मा द्वारा अभद्र व्यवहार कर अश्लील गाली गलौज किया। जिसके बाद मैंने भी डांटा फटकारा जिसके बाद वह अपने दोस्त के साथ स्कूटी में सवार होकर चला गया। इस घटना के दस मिनट बाद वह पुनः वह अपना सर्विस रिवाल्वर लेकर आया और मुझसे कहा कि आपने मुझको गाली दिया है। जान से मारने की धमकी दिया है कहते हुए अपना सर्विस रिवाल्वर निकाल लिया और उन पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद सभी आसपास सुरक्षित स्थान देखकर छुप गए। इसी बीच पुनः जलेनराम कर्मा जिस पेड़ के आड़ में छुपा था, वहां पहुंचकर पुनः फायरिंग कर दिया। इस घटना से घबराए हुए जिला उपाध्यक्ष ने इसकी शिकायत पुलिस के अधिकारियों से की है।

- विवाद के बाद आरक्षक ने की फायरिंग





### जांच होनी चाहिए

*भाजपा नेता ने कहा कि उसे नक्सलियों से खतरा है इस बीच पुलिस द्वारा किया गया हमले से वह काफी भयभीत है। पूरे मामले की जांच कर दोषी आरक्षक पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होने कहा कि जलनराम कर्मा मुझ पर सर्विस रिवाल्वर से हमला कर हत्या करना चाहते थे, जिसकी जांच होनी चाहिए।*

# न्यायमूर्ति ने किया जिला एवं सत्र न्यायालय का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय ने बस्तर प्रवास के दौरान बुधवार दोपहर को जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचे। उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय का निरीक्षण किया। जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े एवं अन्य न्यायाधीशगणों से मुलाकात के बाद वे जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों से मुलाकात किए। इस दौरान उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित महिला अधिवक्ता कक्ष में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अधिवक्ता रहते हुए उन्होंने उनकी परेशानियों को अच्छी तरह से अनुभव किया है। उन्होंने नव प्रवेशी व जूनियर अधिवक्ताओं से कहा कि मामले की अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त करने के बाद सारे तथ्यों को ध्यान में रखते हुए चाहे वह जमानत के लिए हो या अपील के लिए हो, पूर्व के फैसलों एवं नियमों की जानकारी रखते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए ताकि उन्हें सफलता मिल सके। श्री पांडेय ने अधिवक्ताओं से कहा कि यदि कोई समस्या है तो बताएं। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी जब वे अधिवक्ता थे, तब एक बार बस्तर आए थे। यह उनका दूसरा बस्तर प्रवास है। अधिवक्ताओं से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि 6 सितंबर को फिर से निरीक्षण कार्य से जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचेंगे। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार ▶▶| शेष पेज 12 पर

- न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

# सुशासन तिहार में मिले आवेदन के निराकरण की दी जा रही जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर और बास्तानार के ग्राम पंचायतों में बुधवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जगदलपुर विकासखंड के गरावंडखुर्द में आयोजित समाधान शिविर में 17 पंचायत को सम्मिलित किया गया। जिसमें तुरेनार, कलचा, कुम्हरावन्ड, माड़पाल, खम्हारगांव, खुटपदर, कोपागुड़ा, धुरगुड़ा, गरावंडखुर्द, मोरठपाल, नेगीगुड़ा, बाबूसेमरा, बुरुंदवाडा सेमरा, अटपहरी सेमरा और तेलीसेमरा है। इस शिविर में 5933 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5835 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 98 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ▶▶| शेष पेज 12 पर

- गरावंडखुर्द और बड़े किलेपाल में समाधान शिविर



# संभाग के 11 कृषि उपज मंडियों में मक्का की आवक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के 11 कृषि उपज मंडी में इस समय तक लगभग 10 लाख क्विंटल मक्का की आवक हुई थी। अब तक संभाग के मंडियों में मक्का की आवक नहीं होने से मंडी की आय प्रभावित होगी। बताया जा रहा है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण मक्का की फसल को काफी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओले से मक्का के पौधे गिर गए हैं। कई जगहों पर फसलें बर्बाद हो गई हैं। कई किसानों ने अपनी मक्का की फसल को बर्बाद होते हुए देखा। हाल ही में बेमौसम ▶▶| शेष पेज 12 पर

- बेमौसम बारिश व ओले के चलते फसल हुई बर्बाद

# धमतरी से धनपुंजी तक 6 लेन सड़क बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष बाफना ने बुधवार को पत्र लिखकर धमतरी से जगदलपुर मार्ग की बदली हुई परिस्थितियों का हवाला देकर स्वीकृत फोन लेन सड़क मार्ग को संशोधित कर इसे धमतरी से धनपुंजी तक सिक्स लेन में परिवर्तित करने की मांग उठाई है।

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पूर्व विधायक ने भेजा पत्र

बता दें कि, धमतरी से जगदलपुर तक फोर लेन सड़क बनाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक संतोष बाफना वर्ष 2019 से लगातार केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्राचार कर रहे थे। वर्ष 2023 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने बाद मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय को भी फोर लेन से संबंधित दस्तावेज पत्राचार कर बस्तर की इस बहुप्रतिक्षित मांग को केन्द्रीय स्तर पर उठाने का आग्रह किया था। जिसके पश्चात हाल ही में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इस बहुप्रतिक्षित धमतरी से जगदलपुर तक फोर लेन की मांग को स्वीकृति प्रदान की गई। बाफना ने अपने पत्र में कहा है कि,पत्राचार करने के बीते 5 वर्षों में इस मार्ग की यातायात संबंधी परिस्थितियां पहले की तुलना में अब पूरी तरह से बदल चुकी है। स्वीकृत फोर लेन सड़क परियोजना को संशोधित कर इसे धमतरी से धनपुंजी तक सिक्स लेन में परिवर्तित करने की ज्यादा आवश्यकता है। क्योंकि 20 हजार से भी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### परिवहन लागत में आएगी कमी

बाफना के मुताबिक बस्तर के नगरनार में स्थापित एनएमडीसी के इस्पात संयंत्र से भी उत्पादन कार्य शुरू हुए दो-ढाई वर्ष हो चुके हैं और निकट भविष्य में संयंत्र के पास ही कई सहायक उद्योगों के प्रारंभ होने की प्रबल संभावनाएं है। एनएमडीसी के इस्पात संयंत्र के साथ बस्तर संभाग में जितनी भी लौह अयस्क व अन्य खनिज की खदानें संचालित हैं वह सभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 30 से जुड़ी हुई हैं। एवं इस मार्ग से ही प्रतिदिन सैकड़ों-हजारों की संख्या में ट्रकों के माध्यम से एनएमडीसी नगरनार में उत्पादित एचआर क्वाइल व बस्तर की खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क व अन्य खनिजों का परिवहन होता है। धमतरी से धनपुंजी तक सिक्स लेन सड़क होने से माल व श्रम की आवाजाही सुलभ रूप से स्थानांतरित करने में मदद मिल सकेगी व इसमें लगने वाला समय भी कम होगा, जिससे परिवहन लागत कम होगी और उद्योगों को लाभ होगा। साथ ही बड़ी व नामी कंपनियों के भी आने की संभावना है, जिससे उन्हें व स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैज की पत्रवार्ता, कार्यशैली पर उठाए सवाल

# पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने छग भाजपा सरकार पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को पत्रवार्ता में बताया कि पिछले दिनों राज्य सरकार के द्वारा नक्सल अभियान चलाया गया, जिसका कि गृहमंत्री ने पुरजोर खंडन किया। ऐसे किसी ऑपरेशन से इंकार किया। जबकि मुख्य मंत्री ने अभियान चलाये जाने की बात कही। श्री बैज ने आश्चर्य के साथ कहा कि इतने बड़े ऑपरेशन पर सरकार एक राय नहीं थी। कैसे गृह मंत्री को इसकी जानकारी नहीं थी। इस घटना क्रम से साबित होता है सरकार मे आपस मे विश्वास का संकट है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा हैऔर ऐसी कोई संख्या नहीं है, यह झूठ है। बैज ने कहा लेकिन पता चला कि बीजापुर ज़िला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए पहुंच हैं। पीसीसी अध्यक्ष बैज ने पत्रकारों को बताया जब चारों ओर से सवाल उठे और मरच्यूरी में रखे शव सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम में शवों को रिलीज़ जारी की। कल बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत विगत दिनो में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में बरामद नक्सलियों के शवों में से अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।

- मुख्यमंत्री कहते हैं बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा, गृहमंत्री इस बात से इंकार करते हैं

### 20 शवों की पहचान हो गई तो 11 को परिजनों को क्यों सौंपा


पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि यदि पहचाने गए 20 नक्सलियों के शवों में से 11 शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मुठभेड़ में बरामद शेष 11 नक्सलियों के शवों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद,उनके शव भी परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। इस प्रेस रिलीज में भी विरोधाभास है। उन्होंने कार्यशैली पर सवाल उठाए।

### यदि 31 नक्सली मारे गए तो 22 शव ही कैसे पहुंचे

प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष बैज ने कहा कि अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं। अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा। जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं। जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया। जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और मृतकों से उनका क्या क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है।

### युद्ध विराम के तरीके से देश के लोगों की जनभावना आहत

राजीव भवन में बुधवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पत्रकारों से रूबरू हुए। श्रीबैज ने कहा पहलगाम में हमारे निर्दोष 22 नागरिकों को जिस तरह कायरतापूर्वक आतंकियों ने मारा उससे पूरा देश आक्रोशित हुआ है। लोग इस हत्याकांड का बदला चाहते थे। यह हमला एक तरह से भारत की संप्रभुता पर आक्रमण था। कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने सरकार को यह भरोसा दिलाया सरकार इस आतंकी हमले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। हम सरकार के हर कदम का पूरा समर्थन करते हैं। देश की सेनाओ ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर बहादुरी पूर्वक पाकिस्तान से चलाये जा रहे आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारतीय सेना के पराक्रम से सारा देश गौरान्वित हुआ। लोग पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक जंग चाहते थे। यह अवसर था पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए जबाब देने का जो हमारी सेनाओं ने दिया।साथ ही हमारी सेना पाकिस्तान के खिलाफ बहादुरी से लड़ रही थी,उसे सफलता भी मिल रही थी अचानक युद्ध विराम की घोषणा हो गयी। श्री बैज ने कहा युद्ध विराम भी भारत-पाक के आधा घंटा पहले अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किया। उन्होंने व्यापार बंद करने की ▶▶| शेष पेज 12 पर




# दो मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खाद्य एवं औषधि, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डिमरापाल से शहर तक 25 मेडिकल स्टोर्सों का सी सी टी वी कैमरा इन्सटालेसन की स्थिति के संबंध में निरीक्षण किया गया। 23 मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरा पाया गया। 2 मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरा नहीं पाया गया, जिसे 3 दिन में सीसीटीवी लगवाने निर्देशित किया गया है। डिमरापाल स्थित दीपक मेडिकल स्टोर्स, ओम साई मेडिकल स्टोर्स, रॉयल मेडिकल हाल, महेश मेडिकल स्टोर्स, मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स, गीदम रोड स्थित श्रीजी मेडिकल स्टोर्स, आद्या फामेर्सी, अयाची मेडिकल, संजय मार्केट जगदलपुर के पास सुमन मेडिकल एजेंसी एवं सुमन मेडिकल स्टोर्स, महारानी हॉस्पीटल के सामने निर्मल मेडिकल, दुल्हानी मेडिकल एजेंसी, साक्षी मेडिकल स्टोर बजरंग मेडिकल स्टोर, श्रद्धा मेडिकल स्टोर, पंजाब मेडिकल स्टोर्स, लक्ष्मन मेडिकल स्टोर, गोपाल मेडिकल स्टोर्स, ▶▶| शेष पेज 12 पर

- संयुक्त टीम ने 25 मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण



**खबर संक्षेप**



## रंजिता ने खेलो इंडिया यूथ जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**कोण्डागांव।** बिहार पटना में मई 2025 में आयोजित 7वीं खेलो इंडिया यूथ जूडो प्रतियोगिता में कोंडागांव जिले का नाम रोशन करते हुए, धनोरा–केशकाल बालिका गृह छात्रावास की रंजिता कुरेती ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। कु. रंजिता ने 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए जूडो कोच से प्रशिक्षण प्राप्त किया था। इस प्रतियोगिता में कुल 3 खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें से रंजिता का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। जिले में चल रहे खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का श्रेय उप महानिरीक्षक क्षे.मु. भुवनेश्वर के मार्गदर्शन एवं सेनानी 41वीं वाहिनी के सतत प्रयासों को जाता है।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को मिली 4 लाख रुपए की सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम बांसकोट निवासी सुरेश की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता सोनादई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## ग्राम रांधना में आज समाधान शिविर, प्रभारी मंत्री होंगे शामिल

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के निर्देशानुसार समाधान शिविर किया जा रहा है। समाधान शिविर 30 मई तक चलेगा, जिसमें सभी विकासखण्डों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जा रहा है। आगामी शिविर 15 मई को माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम रांधना में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# हरवेल उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव


कोंडागांव जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली एक बड़ी चिंता का विषय बन चुकी है। बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत हरवेल स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र पिछले कई वर्षोंर् से जर्जर स्थिति में है। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उसे बंद कर, अब गांव के आंगनबाड़ी केंद्र से स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

स्वास्थ्य केंद्र की खस्ताहाल स्थिति न केवल स्वास्थ्यकर्मियों बल्कि गांववासियों के लिए भी एक गंभीर खतरा बन चुकी है। पुराने भवन पर हमेशा ताला लटका रहता है, और बदले में आंगनबाड़ी जैसे सीमित संसाधनों वाले स्थान से सीमित सुविधाओं के साथ सेवाएं दी जा रही हैं। भवन की बदतर स्थिति के चलते कर्मचारी आंगनबाड़ी केंद्र में अपनी ड्यूटी कर रहे हैं और खुद किराए के मकानों में रह रहे हैं। संसाधनों की कमी के कारण रात में आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। गंभीर मरीजों को इलाज के लिए विश्रामपुरी या अन्य केंद्रों पर जाना पड़ता है। अब देखना यह होगा कि शासन कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान करता है और ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य अधिकारों की सुविधा प्रदान करता है।

## आंगनबाड़ी केंद्र से संचालित हो रही सीमित स्वास्थ्य सेवाएं, ग्रामीण परेशान

### जरूरी सेवाओं से वंचित ग्रामीण

हरवेल समेत अन्य गांवों में जर्जर स्वास्थ्य केंद्रों की वजह से संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, मलेरिया, बीपी–शुगर जांच, टीबी स्क्रीनिंग, और नेत्र परीक्षण जैसी बुनियादी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। न तो स्टाफ के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं और न ही मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल पा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि जिले के कुल 173 उपस्वास्थ्य केंद्रों में से कई जर्जर अवस्था में हैं। शासन को इन केंद्रों की सूची भेजी गई है। जिसमें हरवेल, गोलावंड, खरपड़ी, घोड़ागांव, जोबा, साल्हेभाट जैसे गांव शामिल हैं। सभी के लिए नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।



### पंचायत की मांग जल्द हो समाधान

ग्राम सरपंच महेश नेताम ने बताया कि पंचायत ने शासन से कई बार मरम्मत और नए भवन निर्माण की मांग की है। साथ ही स्टाफ और संसाधनों की भी कमी है, जिसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीणों को समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## सुशासन तिहार: बस्तर कमिश्नर ने बड़े कनेरा समाधान शिविर का लिया जायजा

# शिविर में मिले आवेदनों का करें निराकरण योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत ग्राम बड़ेकनेरा में आयोजित समाधान शिविर का बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के स्टॉल में जाकर संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की संख्या और निराकरण की जानकारी ली और अधिकारियों को आवेदनों पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

- विभागवार आवेदनों की ली जानकारी, गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

बंटवारा प्रकरणों के समुचित निराकरण करने पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के मैदानी अमले की कार्यशाला में कार्ययोजना तैयार कर कार्यान्वयन करें। इस दिशा में व्यापक प्रचार–प्रसार करने सहित सम्बन्धित वन परिक्षेत्र कार्यालय में आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से खाद बीज उपलब्धता और भंडारण की जानकारी ली। साथ ही उद्यानिकी और मछली पालन विभाग से भी अब तक लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी लेते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने हेतु निर्देशित किया।

### ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

समाधान शिविर में जनपद पंचायत कोंडागांव के समस्त ग्रामवासियों ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



### सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया

इस दौरान कमिश्नर ने शिविर में ग्राम बड़े कनेरा में कोटवार पद के लिए शीतलदास को नियुक्ति पत्र प्रदान किया तो कोटवार शीतल दास ने भाव–विभोर होकर बताया कि मेरे दादा और पिता भी कोटवारी का कार्य कर ग्रामीणों की सेवा किए हैं, जिसे अब पुस्तैनी रूप से निर्वहन कर रहा हूं। उसने तीन एकड़ कोटवारी भूमि होने सहित शासन से नियमित तौर पर वर्दी देने की बात कहा। समाधान शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को कृषि कार्य से संबंधित सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले ग्रामीणों को कैलेंडर दी गई। पुलिस विभाग द्वारा ग्रामीणों को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया, साथ ही सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए यातायात नियमों के पालन की अपील की गई।

### शीतल दास को मिला कोटवार नियुक्ति पत्र

समाधान शिविर में बस्तर कमिश्नर और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 20 किसानों को सब्जी बीज मिनीकिट, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज, खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 जन्म प्रमाण पत्र और 06 आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 07 किसानों को किसान किताब वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 02 बच्चों का अन्नप्राशन भी संपन्न कराया गया।

## समाधान शिविर, एक ही मंच में सभी समस्याओं का समाधान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ सुशासन तिहार ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं, जो अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय तक नहीं पहुँच पाते थे। अब प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विभागीय अमला स्वयं गांवों में पहुँचकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय का यह कदम छत्तीसगढ़ में सुशासन की दिशा में एक नई पहल है, जो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनसेवा पर आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। यह कार्यक्रम न केवल प्रशासनिक प्रणाली को गाँव–गाँव तक सक्रिय रूप से पहुँचाने का कार्य कर रहा है, बल्कि आम जनता को सीधे तौर पर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

- 59 हितग्राहियों को मिला लाभ

### 11 पंचायतों के ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

कोंडागांव विकासखंड के ग्राम बड़े कनेरा में बुधवार को सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जहाँ 11 पंचायतों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को प्रशासन को अवगत कराये। शिविर में कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया और साथ ही 59 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के तहत सामग्री वितरित की गई। शिविर में अधिकारी अपने अपने विभाग से जुडी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है इसका विस्तृत जानकारी साझा किये।

### 6 हितग्राहियों को मिला आयुष्मान कार्ड

समाधान शिविर में बड़े कनेरा के ग्राम दीनबंधु कश्यप, सुनील कौशिक, झुमुकलाल कोर्राम, रिया बाई, जानकी नेताम और राजेंद्र यादव को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदाय किया गया। आयुष्मान कार्ड मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें इलाज के आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। आयुष्मान कार्ड के तहत गरीब परिवारों को इलाज के लिए 05 लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा सरकार द्वारा दी जाती है। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 20 किसानों को सब्जी बीज मिनीकिट, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज, खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 जन्म प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग द्वारा 07 किसानों को किसान किताब वितरित किया गया।

## कलेक्टर ने लंजोड़ा क्लस्टर में सड़क सुरक्षा को लेकर ली जागरुकता बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आज फरसगांव विकासखंड के लंजोड़ा क्लस्टर अंतर्गत फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के संबंध में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की बैठक ली गई। उक्त बैठक में जैतपुरी, कोसागांव, काबोंगा सिरसीकला, कुम्हार बडगांव, सोड़मा, सिरपुर और गुमड़ी के ग्रामीण शामिल हुए।

- ब्लैक स्पॉट में सुधार की पहल ग्रामीणों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

बैठक में ग्रामीणों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई और सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित गति में वाहन चलाने, दोपहिया वाहनों को हेलमेट के उपयोग करने सहित सड़क पर दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की हमेशा मदद करने के लिए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा उस क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट में सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा जारी एम्बुलेंस नंबर के बारे में जानकारी दी गई और इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान तहसीलदार फरसगांव जय कुमार नाग, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र कुमार नेताम, निरीक्षक यातायात कोण्डागांव मुकेश कुमार जोशी, सभी ग्राम सचिव और कोटवार भी उपस्थित रहे।

## यूपीएससी की निशुल्क 2 वर्षीय आवासीय कोचिंग के लिए साक्षात्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नेतृत्व साधना केंद्र लीड छत्तीसगढ़ द्वारा लोक सेवा आयोग की तैयारी के लिए आयोजित दो वर्षीय निशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए आज नारायणपुर और कोंडागांव जिलों के विद्यार्थियों का साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। यह साक्षात्कार साथी समाज सेवा समिति, कोंडागांव में आयोजित किया गया। इस साक्षात्कार में उन परीक्षार्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने पूर्व में आयोजित लिखित परीक्षा को उत्तीर्ण किया था। चयनित विद्यार्थियों को रायपुर स्थित लीड 36 केंद्र में दो वर्षोंर् तक आवासीय कोचिंग की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। इस कोचिंग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाएगी। साक्षात्कार प्रक्रिया में कुल 18 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर शशिभूषण कन्नौज, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र, शासकीय गुंडाधर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव, भूपेश तिवारी, अध्यक्ष साथी समाज सेवा समिति कोंडागांव एवं चंद्रेश कुमार, नेतृत्व साधना केंद्र लीड 36, रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को भविष्य में यथोचित सलाह एवं चयनित अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया गया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आज सुबह खेलो इंडिया सेंटर में शुभारंभ हुआ, इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी उपस्थित रहे। शिविर की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें कलेक्टर, उपाध्यक्ष उसेंडी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं शिविर में भाग ले रहे प्रतिभागी शामिल हुए।

कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति किसी न किसी खेल में रुचि रखता है और यदि उसे सही दिशा एवं प्रशिक्षण मिले, तो वह उस खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि कोंडागांव जिले में खेलों की अपार संभावनाएं हैं और यहां के युवा विभिन्न खेलों में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह जज्बा आगे भी बना रहेगा और खिलाड़ी जिले, राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगे। नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने पसंदीदा खेल में मन लगाकर मेहनत करें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए तन और मन दोनों का स्वस्थ होना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में तीरंदाजी की सुशीला नेताम जिसने राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड में कांस्य पदक अर्जित किया है और शतरंज के मयंक श्रीवास्तव जिनका चयन राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में हुआ है, का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को आवश्यक खेल सामग्री का वितरण भी किया गया।

**ये रहे उपस्थित**– इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ीगण उपस्थित रहे।

## 361 प्राप्त आवेदनों में 61 का मौके पर किया गया निराकरण

# बडेडोंगर में लगा क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत फरसगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत बडेडोंगर में मंगलवार को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विजन और संकल्प को धरातल पर उतारकर आम जन की समस्याओं को गांवस्तर पर हल करने की पहल है।

शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकु राम नेताम, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद सदस्य मंगूराम व श्रीमती पूर्णिमा पोयाम, सरपंच झारी राम सलाम सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। शिविर में 12 पंचायतों को प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। तथा इस शिविर में कुल 361 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए जिनमें से 41 का मौके पर निराकरण कर दिया गया, शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए आवेदकों को समयबद्ध सूचना देने का आश्वासन दिया गया।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर शिविर प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अश्वन कुमार पुसाम, तहसीलदार डॉ. जय कुमार नाग, एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेन्द्र नेताम सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ, सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। और समस्या के समाधान से संतुष्ट किसानों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



### शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया

खाद्य विभाग द्वारा 58 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 आयुष्मान कार्ड और 15 मच्छरदानी वितरण किया गया, कृषि विभाग द्वारा 36 केसीसी किसान कार्ड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 10 लोगों को मनरेगा जॉब कार्ड, उद्यानिकी विभाग से 10 हितग्राहियों को सब्जी बीज वितरण किया गया, वही जाति प्रमाण पत्र के 6 और 37 जन्म प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में 122 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## पेज 11 के शेष

### इंद्रवती टाइगर रिजर्व ...

थी। पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए प्रयासों से इनकी संख्या में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पर्यावरण के लिहाज से गिद्ध महत्वपूर्ण : इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) और क्षेत्रीय निदेशक एस. मंडावी ने बताया कि पर्यावरण के लिहाज से प्रकृति में संतुलन के उद्देश्य से गिद्ध महत्वपूर्ण जीव है। विभाग द्वारा इंद्रावती टाइगर रिजर्व में गिद्धों के वृद्धि और संरक्षण के लिए उपाय के तहत वर्ष 2021 से गिद्ध परियोजना चला रही है। इस परियोजना में गिद्धों के लिए ग्रामीणों में जागरूकता और विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा गिद्ध मित्र बनाकर इसके संवर्धन के प्रयास तेज किए गए। यही वजह है कि वर्तमान में यहां पर गिद्धों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

### न्यायमूर्ति ने किया ...

दास एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ काफी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव खिलेश्वर जोशी ने की।

### सुशासन तिहार में...

ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बास्तानार विकासखंड के बड़े किलेपाल में आयोजित समाधान शिविर में बड़े किलेपाल, गड़िया, जूनाटप्पा, पालानार, कुम्हारसाडरा, छोटे किलेपाल, अदवाल, कावानार, भोसरीरास, तुरांगुर, पीरमेटा ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर हेतु 2386 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2323 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 63 लंबित हैं। इस शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बड़े किलेपाल में आयोजित समाधान शिविर में विधायक विनायक गोयल ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण पहल सुशासन तिहार के तहत 8-11 अप्रैल को मिले आवेदन का निराकरण की जानकारी समाधान शिविर के माध्यम से दी जा रही है। सरकार सभी वर्गों के लिए योजनाएं संचालित कर रही है, जिससे आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं,इसका लाभ सभी को लेना चाहिए । कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की और विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और सामग्रियों का वितरण किया गया।

ये रहे उपस्थितः जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत बास्तानार महाबती मंडावी, उपाध्यक्ष अन्य जनपद व जिला पंचायत सदस्य, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा, सीईओ जनपद मंडावी, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### संभाग के 11...

बारिश हुई, जो फसलों को नुकसान पहुंचाने का कारण बनी। तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि भी हुई, जिससे मक्का की फसलें और भी बर्बाद हो गईं। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने मक्का के पौधों को गिरा दिया, जिससे फसलें बर्बाद हो गईं। कई जगहों पर फसलें भीग गईं और कुछ में दाग भी पड़ गए हैं। मक्का की फसल बर्बाद होने से किसान चिंतित हैं। किसानों ने कहा है कि मौसम ने अचानक करवट ली है और बेमौसम ओलावृष्टि और आंधी तूफान ने उनकी फसलों को नष्ट कर दिया है।

मंडी की आय होगी प्रभावित : राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने बताया कि किसानों के अनुसार बेमौसम बारिश, आले के चलते मक्का की फसल का नुकसान हुआ। इसलिए मंडी में मक्का की आवक नहीं हो सकी। साथ ही मक्का की आवक नहीं होने से मंडी की आय प्रभावित होगी।

### धमतरी से धनपुंजी....

अधिक छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं जो कि फोर लेन की तुलना से कहीं अधिक हैं। यातायात दबाव अधिक होने की वजह से प्रतिदिन यह मार्ग खून से लाल हो रहा है। रोज घटित होने वाली 3 से 4 दुर्घटनाओं में औसतन 5 से 6 लोगों को अपनी जान इस मार्ग पर प्रतिदिन गंवानी पड़ रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं परिवहन मंत्रालय से भी इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के 7 से भी अधिक जिले व सीमावर्ती राज्यों के नजदीकी जिलों के आवागमन की निर्भरता पूरी तरह से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 30 के इसी हिस्से पर टिकी हुई है। एवं यातायात की दृष्टि से बस्तर संभाग के लोगों की यही एकमात्र लाईफ लाइन भी है। इस मार्ग के अलावा बस्तर को प्रदेश की राजधानी रायपुर से जोड़ने के लिए अभी वर्तमान में अन्य कोई विकल्प नहीं है।

### युद्ध विराम के तरीके ...

धमकी दे कर युद्ध रोकवाया। श्री बैज ने कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति के बयानों ने पूरे देश को अपमानित किया। दुर्भाग्यजनक है, ट्रम्प के बयानों का खंडन केंद्र सरकार ने नहीं किया। जिस कश्मीर पर भारत ने तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं किया। उस पर भी ट्रम्प ने मध्यस्थता की बात कही भी भारत की अखंडता पर हस्तक्षेप है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जो बहादुरी दिखाई है उसके लिए सेना के जवानो का आभार इस युद्ध मे शहीद वीर जवानों को नमन, सारा देश अपनी सेना का ऋणी है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, रविशंकर तिवारी, राजेश राय, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी, असीम सुता, युंका अध्यक्ष अजय बिसाई, राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, अनुराग महतो, पार्षद अफरोज बेगम, शुभम यदु, लोकेश चौधरी, शादाब अहमद, एस नीला,ज्योति राव, सलीम जाफर आदि मौजूद रहे।

### 2 मेडिकल ....

रॉयल मेडिकल स्टोर्स, ज्योति मेडिकोज, आरू मेडिकल स्टोर्स, संजीवनी मेडिकल स्टोर्स एसबीआई रोड स्थित दुर्गा मेडिकोज, दया मेडिकोज, गणपति मेडिकल एजेंसी, का औचक निरीक्षण किया गया। श्रीजी मेडिकल स्टोर्स एवं आद्या फामेर्सी में सीसीटीवी कैमरा नहीं पाया गया, जिसे 3 दिन में सीसीटीवी लगवाने निर्देशित किया गया है।

ये रहे शामिलः संयुक्त टीम में सहायक औषधि नियंत्रक महेश नागवंश, स्वास्थ्य विभाग नोडल अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, औषधि निरीक्षक सौरभ जैन, नंदकिशोर हिरवानी नमूना सहायक, पुलिस विभाग से बालकु राम बघेल आरक्षक शामिल रहें। बस्तर संभाग के अन्य जिलों में भी जांच टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### अंशराज और अक्षत ने बस्तर का बढ़ाया मान




जगदलपुर। सीबीएसई 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है। पहली बार बस्तर अंचल से दर्जनों विद्यार्थी मेरिट में स्थान लाकर बस्तर का गौरव बढ़ाया है। खासकर निर्मल विद्यालय में कक्षा 12वीं में अध्यनरत अंशराज राय कॉमर्स संकाय में 94.8 प्रतिशत अंको के साथ अव्वल लाया है। पिता कमलेश राय व माता ऋचा राय के होनहार पुत्र प्रारंभ से ही मेधावी रहा। वह 10वीं बोर्ड में भी उच्च अंको के साथ सफलता पाया था। वह बड़ा होकर सीए बनने की चाहत रखता है। इसी तरह शहर का एक ओर होनहार अक्षत मिश्रा 10वी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अंको के साथ मेरिट में स्थान बनाया। पिता अतुल मिश्रा व माता हेमलता मिश्रा का पुत्र अक्षत साइंस संकाय लेकर डॉक्टर बनने की तैयारी करने की बात कही है। दोनों के इस सफलता पर परिजनों से शुभकामनाएं देते उज्वल भविष्य की कामना की है।

## महिला आयोग की सदस्या ने गोद भराई रस्म में लिया भाग

# नक्सल प्रभावित पोलमपल्ली में लगा समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र पोलमपल्ली में मंगलवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोलमपल्ली, कांकेरलंका, कोरापाड़, पालामडलू और चिंतागुफा के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी ने संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अन्न प्रासन्न और गोद भराई की रस्म अदा की गई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने आग्रह किया।



एसडीएम शबाब खान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कवासी, राधा नायक जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, जनपद सदस्य पोलमपल्ली भीमा मड़कम, जनपद सीईओ नारद मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में दिया गया राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

नगर पंचायत गीदम के सभी वार्डो में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में नागरिकों कि समस्याओं के समाधान के साथ उन्हें सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। वर्तमान में नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। इन सभी समाधान शिविरों में नगर पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य सभी विभागों के आधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस समाधान शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम रजनीश सुराना, पार्षद खिलावन सागर, पार्षद सोहन यादव व अन्य पार्षदों के द्वारा लोगों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में नागरिकों को राशन कार्ड का वितरण किया गया, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले अनाज का लाभ मिल सके। आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया, जिससे नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। शिविर में नागरिकों को अन्य शासकीय योजनाओं जैसे कि पेंशन योजना, उज्जवला योजना आदि का भी लाभ प्रदान किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी करवाया गया। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना था। शिविर के आयोजन से नागरिकों को अपने कामों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते है।



## बाली मेला सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोण्ड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों, नृत्य के माध्यम से भव्य स्वागत किया। मेले में बड़ी की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

- बाली मेला में शामिल हुए विधायक लखेश्वर बघेल

बस्तर अंचल की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक 90 दिवसीय बाली मेला ग्राम टुहटी देवड़ा में धूमधाम से जारी है। विधायक ने मेले में पहुंचकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार स्थानीय देवी-देवताओं की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बाली मेला बस्तर की पहचान है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है यह न केवल आध्यात्मिक बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। मेले का आयोजन ग्राम देवी-देवताओं के प्रति आस्था, लोक परंपरा और सामाजिक मेल जोल को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है।



## इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मनाया गया नर्स दिवस




जगदलपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में हर्षोल्लास के साथ नर्स दिवस मनाया गया। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जननी मिस फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस की स्मृति में समर्पित होता है। कार्यक्रम की शुरूआत फ्लोरेंस नाइटिंगेल एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात संस्थान के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ज्योति गुप्ता एवं शालिनी द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन एवं कार्यों पर प्रेरणादायक भाषण दिए गए, जिससे छात्र-छात्राओं को नर्सिंग के मूल्यों एवं सेवाभाव की गहराई को समझने का अवसर मिला। इसके उपरांत छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसमें विशेष रूप से नृत्य एवं नाटक ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर नर्स दिवस का उत्सव मनाया गया तथा सभी उपस्थितजनों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# 18 वाहनों से वसूला 15 हजार का समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय के निर्देशन एवं

- यातायात नियम के उल्लंघन पर पुलिस ने की कारवाई



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसरुल्लाह सिद्दकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी प्रहलाद साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा वाहनों पर अवैध तरीके से एलईडी लाइट लगाने, मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठाकर ले जाने, बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चालक, बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालक, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले एवं नो एंट्री एरिया में वाहनों का प्रवेश करने वाले वाहन चालकों पर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है।

इसी तारतम्य में आज पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देशानुसार यातायात पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही करते हुए 18 ऐसे वाहनों पर कार्यवाही कर 15 हजार रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही साथ सभी एलईडी लाइटों को जब्त किया गया एवं दोबारा एलईडी लाइट न लगाने तथा सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने हिदायत दिया गया।

कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, प्रआर सम्पत लाल कोशमा, विरेन्द्र एक्का, श्याम लाल राना, आरक्षक वीरेंद्र वर्मा, कन्हैया सिन्हा, ललित बारला एवं स्टॉफ मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोण्ड

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए, चलाये गये भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को सलाम करने और सेना का मनोबल बढ़ाने, आम लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विकास खण्ड बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में मेगा समर कैम्प के सातवें दिन तिरंगा यात्रा आयोजित की गई है। इसी कड़ी में बस्तर विकास खण्ड के माध्यमिक शाला कुड़कानार मे छात्र छात्राओं ने हाथो मे तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारो के साथ तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने इस तिरंगा यात्रा के बारे मे बताते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नई पीढ़ी के साथ साथ आम नागरिको मे भारतीय सेना के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। हमारे देश का मस्तक विश्व में ऊंचा बनाये रखने के लिए भारतीय सेना पर हमें गर्व है। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने कुड़कानार के विभिन्न गलियों एवं मुख्य मार्गो मे रैली निकाल कर तिरंगे की शान एवं भारतीय सेना के सम्मान में देश भक्ति नारे एवं गीत गाकर देश भक्ति की भावना को जागृत किया। यात्रा के दौरान भारतीय सेना को सलामी दी गई।

इस दौरान प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, शिक्षक-शिक्षिकाओं में नीरज कुमार कुन्जाम, फूल सिंह यादव, मिथिलेश ठाकुर, उप सरपंच हेमनाथ पटेल धनसाय बघेल भुवनेश्वर ठाकुर फूल सिंह बघेल उपस्थित थे ।

# आंधी-तूफान से कई मकान क्षतिग्रस्त, बिजली आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

जिले के कुआकोंडा जनपद क्षेत्र में बीते दिन तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में मकानों को नुकसान

- जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने लिया जायजा

पहुंचा है, वहीं दर्जनों पेड़ गिर गए और बिजली के पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है।

प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर हालात की जानकारी ली और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल मुआवजा प्रकरण तैयार कर पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत दी जाए।



इसके साथ ही उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की दिशा में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री मुड़ामी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि आमजन को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए और सभी क्षतिग्रस्त सुविधाओं को बहाल किया जाए।

इस मौके पर जनपद पंचायत कुआकोंडा अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, ग्राम पंचायत श्यामगिरी के सरपंच धन्नू कोरीम, कुमा, मंगू, बुधरु सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शिविर में 74 दिव्यांग मरीजों किया गया जांच और उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला चिकित्सालय में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। शिविर में कुल 74 दिव्यांग मरीजों की जांच और उपचार किया गया। विशेष रूप से श्रवण संबंधित समस्याओं से ग्रसित 47 बधिर मरीजों को समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। मरीजों की जांच के लिए जिला नारायणपुर से आए डॉ. डीबी नाग (ईएनटी) विशेषज्ञ की सेवाएं ली गई जिन्होंने सफलतापूर्वक सभी मरीजों की जांच की। शिविर के सफल आयोजन में कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन सह जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. रत्ना ठाकुर का सक्रिय सहयोग रहा। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक कमलेश पटेल ऑडियोलॉजिस्ट सुश्री पूनम साहू और स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी विशेष भूमिका निभाई।

## आचार्य चयन परीक्षा में 14 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा



गीदम। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2025-26 हेतु आचार्य नियुक्ति के लिए आचार्य चयन परीक्षा का, लिखित एवं साक्षात्कार आयोजित हुआ। 21 अभ्यर्थियों का विद्यालय को आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें से 14 लोगों ने लिखित परीक्षा दी। पश्चात साक्षात्कार में भाग लिया। लिखित परीक्षा 11 से 1 बजे तक दो घंटे की रही। उसके बाद 3 से 5 बजे तक साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह, अतुल सिंह, पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राध्यापक डॉक्टर राजकुमार देशमुख, विद्यालय के पूर्व छात्र व पार्षद सूरज सिंह एवं शिशु वाटिका प्रमुख हेमा कौमार्य मौजूद रहे।

# 851 हितग्राहियों के चेहरों पर आई पक्के आशियाने की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक स्वयं का पक्का मकान हो जिसमें वह दिन भर के संघर्ष के बाद सुकून की नींद सो

- मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में 51 हजार परिवार हुए लाभान्वित



सके। वंचित और पिछड़े वर्ग की इस महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि यह बेहद प्रसन्नता का विषय है कि आज सुकमा जिले के और 851 परिवारों का पक्के मकान का सपना पूरा हुआ। मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत इन परिवारों ने आज उत्साह पूर्वक गृह प्रवेश कर अपने स्तर पर उत्सव मनाया। मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत आज राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय आवास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 51 हजार परिवारों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में सांकेतिक सहभागिता की। अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन में भी सुकमा जिले के हितग्राही अपने पंचायतों से शामिल हुए और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुकमा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 851 परिवारों के नए घरों में गृह प्रवेश के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि इसमें सुकमा जनपद पंचायत के 132, छिंदगढ़ पंचायत 499 और कोंटा जनपद के 228 परिवार शामिल रहे हैं। अब तक जिले में वर्ष 2024-25 के लिए कुल 13218 आवासों की स्वीकृति दी गई है। इनमें से अब तक 11349 लाभार्थियों को पहली किस्त और 5235 को दूसरी किस्त जारी की जा चुकी है, जबकि 2080 आवास पूर्ण हो चुके हैं। पिछले 14 महीनों में जिले में 3754 आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने आगे बताया कि इसके साथ ही, आवास प्लस सर्वे 2.0 के अंतर्गत जिले में 28950 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है, जिन्हें आगामी समय में इस योजना का लाभ मिलेगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र.-202505161800008/अ-2/ 2024-25

ग्राम- गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील- गीदम

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती सरस्वती सोनी पति पूरनचंद सोनी उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8349783908 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम- गीदम प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 55/2 रकबा 0.8600 हे. में से 0.0200 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 29/05/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गीदम**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र.-202505161800009/अ-2/ 2024-25

ग्राम- गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील- गीदम

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक रजनीश मिश्रा पिता श्री विनोद कुमार मिश्रा निवासी ग्राम गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8827986560 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम- गीदम प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 916/2/1/3 रकबा 0.0140 हे. में से 0.009 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 29/05/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गीदम**

# लंबित आवेदनों के निराकरण लिए कार्ययोजना बनाकर पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा समय सीमा की बैठक में की। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मैदानी अमलों को सक्रिय रूप से कार्य करते हुए सभी शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने को कहा। उन्होंने

- कलेक्टर ने विभागवार आवेदनों की समीक्षा की



निर्देशित किया कि सप्ताह के अंत तक सभी विभाग अपने-अपने लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु कार्ययोजना बनाकर पूर्ण करें। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त स्वच्छता, पेयजल, महतारी वंदन और विद्युत से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य और नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों को भी प्राथमिकता के आधार पर हल करने को कहा गया। कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों में सभी विभागीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिले में रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने, पोषण ट्रैकर के उपयोग और आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◂ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अदिति का सुयश



जगदलपुर। भैरमदेव वार्ड जगदलपुर निवासी कु. अदिति मिश्रा ने सीबीएसई की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक लाकर शाला व परिवार को गौरवान्वित किया है। अदिति प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रहीं है। उनके पिता आर आई सतीश मिश्रा ने बताया कि अपनी प्रावीण्यता के चलते पूर्व में सीबीएसई जोनल हेड द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुकीं है।

### पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा आज

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा (पीएटी एवं पीवीपीटी 25) प्रवेश परीक्षा 15 मई को प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक परीक्षा केंद्रो में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्र 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नंबर 2, 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा 3, 1703 बाल बिहार हायर सेकण्डरी स्कूल बालाजी वार्ड, 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 और 1705 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डी स्कूल में आयोजित किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी मायानंद चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर एवं समन्वयक डॉ. अनिल श्रीवास्तव, प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा-2 डॉ. अजय सिंह ठाकुर को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### नगर सैनिक भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून को

कांकेर। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कार्यालय कांकेर से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर सेना विभाग के द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास के लिए) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल डियूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा राज्य के 04 जिले रायपुर, बिलासपुर, जलगदलपुर एवं अंबिकापुर में होगी। शारीरिक दक्षता में पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट लिंक में जाकर रजिस्ट्रेशन करे।

नई रेल लाइन की सौगात पर रेल आंदोलन के सदस्यों व व्यापारी कल्याण संघ ने किया स्वागत

# संजय बाजार में लड्डुओं से तौले गए सांसद

हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तरवासियों को विगत दिनों केंद्र सरकार ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाईन की स्वीकृति के साथ 3 हजार करोड़ से ज्यादा राशि देकर देकर बड़ी सौगात दी है,केंद्र सरकार के इस कदम पर बस्तर में भारी उत्साह है जिसका पूरा श्रेय सांसद महेश कश्यप को देते

- सभी से मिले प्यार और आशीष ने मेरे सेवा के संकल्प को और मजबूत बनाया : सांसद

बुधवार को संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के साथ रेल आंदोलन से जुड़े प्रतिनिधि मंडल और शहर के नागरिकों ने आभार जताते उन्हें लड्डुओं से तौला।

संजय मार्केट चौक में आतिशबाजी कर बस्तर सांसद का गाजे बाजे व फूल माला के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात मार्केट के भीतर लड्डुओं से तौलकर इस रेल लाईन के स्वीकृति के लिए सभी लोगों ने उनको धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दे कि बस्तर सांसद द्वारा लगातार चुनाव में विजयी होने के पश्चात से ही बस्तर के रेल मामले सहित अन्य मामलों को ले कर वह आवाज उठाते आ रहे हैं। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सांसद को फूलमाला पहनाकर धन्यवाद दिया। इस दौरान संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष पंकज सिंघल, सचिव हरेश नागवानी, विष्णु ठाकुर, दशरथ कश्यप, किशोर पारख, सम्पत झा, शिव चांडक, टीके शर्मा, रोहित सिंह बैंस, सुनील खेडुलकर, चंद्रेश चांडक, सुनील, राजेश सोनी, कन्हैया पुरोहित, सुरेश जैन, शिखर मालू, अनिताराज, उर्मिला आचार्य, लक्ष्मी कश्यप, ज्योति गर्ग, गाजिया अंजुम, मनोज महावर, उमा झा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।





### बस्तर को उच्च शिखर तक ले जाना है

सांसद ने स्वागत के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि आज आप सभी से मिले प्यार और आशीर्वाद ने मेरे सेवा के संकल्प को और मजबूत बनाया है। इसके लिए ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी के सहयोग व सुझाव के माध्यम से बस्तर को उच्च शिखर पर ले जाना हैं। चुनाव में आप सभी के द्वारा मुझ पर विश्वास जताकर मुझे लोकसभा के मंदिर तक पहुंचाने का कार्य किया था, बस्तर का विकास ही मेरा लक्ष्य हैं।

### बस्तर डबल स्पीड से कर रहा विकास

सांसद ने कहा डबल इंजन सरकार के प्रयासों से सहकारिता से लेकर रेलवे एवं अन्य सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़-बस्तर डबल स्पीड से विकास कर रहा है। राज्य में डबल इंजन की सरकार है यहां सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से काम हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बस्तरवासियो को दिये गये रावघाट-जगदलपुर रेल लाईन की नई स्वीकृति के सहयोग से इस पूरे क्षेत्र के विकास की आकांक्षाओं को बल मिलेगा। जनता की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कर सौगात देने के लिए मैं प्रधानमंत्री, रेलमंत्री, मुख्यमंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूं।

# बस्तर में प्रतिभा की कमी नहीं, आवश्यकता है उन्हें सही मंच देने की : सांसद

हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में प्रतिभा की कमी नहीं है,आवश्यकता है तो उसे सही मंच देने की। खेल के मैदान में प्रतिस्पर्धा की भावना से नहीं बल्कि भाईचारे की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत तो लगा रहता है। इस

- अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड बना चैंपियन

प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर निकल कर सामने आती है। उपविजेता टीम निरास होने की बजाय दोगुनी मेहनत करें जिससे अगली बार वह विजेता बन सके। शासन व प्रशासन स्तर पर लगातार खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने व आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। यह बातें मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने महापौर कप रात्रि कालिन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही। महापौर कप का समापन मंगलवार देर रात संपन्न हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ग्रामीण पुल से बस्तर एवं वार्ड की पुल से अटल बिहारी बाजपेयी वर्ल्ड की टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी। जिसमे अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड विजेता टीम रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, बस्तर चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, पूर्व महापौर सफीरा साहू, बाबुल नाग, पंकज आचार्य, शशि नाथ पाठक, विवेक जैन, गुलाम सिंह राजपूत उपस्थित रहे।



शहर में पहली बार कराए जा रहे ग्रामीण स्तरीय एवं वार्ड स्तरीय इस फाइनल मैच में टॉस की प्रक्रिया अतिथियों ने पूरी करवाई। बस्तर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया एवं निर्धारित 10 ओवर में 88 रन 8 विकेट के नुकसान पर एक अच्छा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड की टीम 59 रन पर तीन विकेट पर बल्लेबाजी कर रही थी। उसके बाद गेंदबाजी में आए खगेश्वर और सुभाष ने काफी अच्छी गेंदबाजी की और स्कोर 70 रन पर आठ विकेट गिरा दिया। इस प्रकार से अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड की टीम को 6 गेंद पर 18 रनों की दरकार थी और बल्लेबाजी करने आए अनिल जिन्होंने पांच गेंद पर ही 18 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। इस तरह से अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड ने इस रोमांचक मुकाबले में फाइनल की ट्रॉफी अपने नाम किया। विजेता टीम को 51 हजार एवं उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए के साथ ट्राफी प्रदान की गई। सिडनी क्रिकेट क्लब हाटकचोरा के पदाधिकारी ने बताया इस मैच के अंपायर राजू नायडू एवं अब्दुल समीर रहे। कमेंट्री के रूप में दीपक पांडे एवं स्कोरर की भूमिका आनंद ने निभाई। सिडनी क्रिकेट क्लब के विक्रम, विजय, बाबू, राहुल, उमेश, राजू, तारीख, सुरेश सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में आकर्षक उपहार भी दिया गया। मैन ऑफ़ द सीरीज से गबरू (गंगामुंडा वार्ड), बेस्ट बैट्समैन राहुल नाग (कोलचुर), बेस्ट बॉलर सावन (अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड), बेस्ट फील्डर जीत आर्यन (अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड) और बेस्ट कैच ऑफ़ द टूर्नामेंट से सौरभ जैन को नवाजा गया।

# समाधान शिविर में दिव्यांग सुंदरी पोयाम को मिला पढ़ाई के लिए मोबाइल

हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत दिए गए आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में त्वरित निराकरण सहित जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के फलस्वरूप लाभार्थियों में हर्ष है।

- आवेदन का त्वरित निराकरण के लिए लाभार्थियों ने की प्रदेश सरकार का जताया आभार

समाधान शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा पुजारी पारा कोडेनार निवासी दिव्यांग सुंदरी पोयाम को पढ़ाई के लिए दिया गया, उसने सुशासन तिहार में आवेदन कर मोबाइल की मांग की थी । बड़े किलेपाल में आयोजित शिविर में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल के हाथों सुंदरी को मोबाइल दिया गया।

शिविर में बड़े किलेपाल के निवासी सोमू मुचाकी, जोगेश्वर कवासी, किशन कुमार कर्मा को लर्निंग लाइसेंस परिवहन विभाग के द्वारा प्रदान किया गया। इसी प्रकार कुमारसाडरा के जयबत्ती ने किसान किताब के द्वितीय प्रति हेतु आवेदन किया था उसे भी शिविर में प्रदान किया गया, त्वरित पहल के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।



बड़े किलेपाल नंदू, ब्रिजेश, असवीन और कोडेनार के महेश सहित 150 लोगों का राजस्व विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा जाति प्रमाणपत्र और निवास प्रमाणपत्र बनाया गया था उसका वितरण करने के दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया गया।

सुशासन तिहार के तहत ग्राम कुमारसाडरा निवासी ललिता सेठीया, मनुराम ने भी श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन किया था समाधान शिविर में इनके आवेदन पर कार्यवाही कर विभाग द्वारा श्रमिक कार्ड बनाया गया। इसके अलावा वृद्धावस्था पेंशन के लिए दिए गए आवेदन के आधार पर दो हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। इसके लिए उक्त दोनों बुजुर्गों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया। साथ ही अन्य योजनाओं से भी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# भारतीय सैनिकों के सहायतार्थ 87616 रुपए का ड्राफ्ट कलेक्टर को सौंपा



हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के द्वारा 26 निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या तथा भारत की आत्मा पर हुए हमले के बाद भारत सरकार तथा भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान से जो अघोषित युद्ध हमारे जांबाज सैनिकों ने करते हुए दो दिनों में ही पाकिस्तान को धूल चटा दी। बस्तर जिले के समस्त शिक्षक व कर्मचारियों ने मिलकर सरकार व सेना का हौसला बढ़ाने भारतीय सेना के सहायतार्थ 87616/ रुपए का बैंक ड्राफ्ट प्रधानमंत्री राहत कोष में आज जिला कलेक्टर बस्तर को सौंपा। इस अवसर पर सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष कैलाश चौहान, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव , प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष रज्जी वर्गीस, संभागीय उपाध्यक्ष संजय चौहान,समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष देवराज खूंटे,संजय वैष्णव, मोतीलाल वर्मा, संतोष श्रीवास,अनिल गुप्ता,आर पी मिश्रा,अनिल हिरवानी, मनोज महापात्र,उमेश मेश्राम के अलावा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा उपस्थित रहे।

# बस्तर के संसाधनों पर प्रदेश सरकार की बुरी नजर : दीपक

हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि राहुल गांधी ने मुझको पत्र लिखा है उन्होंने प्रदेश कांग्रेस द्वारा जनता के मुद्दों, महिलाओ के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर, जल जंगल जमीन बचाने के लिए जो लड़ाई लड़ रही जो न्याय यात्राएं निकाली गयी उसकी सराहना किया है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से धन्यवाद देते कहा कि आपने पत्र के माध्यम से हम सभी का मनोबल बढ़ाया। पीसीसी अध्यक्ष राजीव भवन में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में यह बात कही।



बैज ने पत्रकारों को बताया राहुल गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन मे छग कांग्रेस ने लगातार प्रदेश के हर वर्ग को न्याय दिलाने और उनकी आवाज उठाने के लिए, प्रदेश में बढ़ते अपराध और महिला अत्याचार के खिलाफ़, एनएमडीसी निजीकरण के खिलाफ, बस्तर के इंद्रावती नदी को बचाने के लिए, प्रदेश में बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ़ और प्रदेश के अन्य जल, जंगल, जमीन से जुड़े ज्वलंत विषयों पर लगातार पदयात्रा कर न्याय के सन्देश को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास किया है। इसी तरह मजबूत विपक्ष के रूप में जनता की आवाज बुलंद करने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पूरी तरह कटिबद्ध है।

बैज ने कहा विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 11 और बैलाडीला 13 की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया।

बैलाडीला 1 बी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दिया गया। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरूआत है। इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कार्पेट बिछाया जा रहा।

### फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई स्थित यूनिट को 320 करोड़ में बेचा

भाजपा सरकार बस्तर में खनन आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने के बजाय, बहुमूल्य खनिज संसाधन औने-पौने दाम पर पूंजीपतियों को लुटा रही है।विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री छत्तीसगढ़ आए थे, तमाम विरोध के बावजूद भारत सरकार का सरकारी उपक्रम फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई स्थित यूनिट को मात्र 320 करोड़ में बेच दिया,जो कभी घाटे में नहीं रही बल्कि लगभग 100 करोड़ प्रति वर्ष का मुनाफा कमा रहा थी। रमन सिंह की सरकार बस्तर के नागराज पर्वत मोदी के मित्र अदानी को बेचा गया ग्राम सभा की फर्जी एनओसी लगाई गई, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जांच के बाद आवंटन रद्द करने का प्रस्ताव केंद्र की मोदी सरकार को भेजा गया लेकिन वह भी आज तक लंबित है।

### नगरनार स्टील प्लांट को बेचने की तैयारी

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों को बताया बस्तर के नगरनार में 20 हजार करोड़ से अधिक के सार्वजनिक क्षेत्र एनएमडीसी के प्लांट को बेचने के लिए केंद्र की मोदी सरकार विनिवेशीकरण की सरकारी साइट दीपम पर सेल लगाकर रखी है। बैज ने कहा बस्तर के युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को बेच रही है मोदी सरकार। चुनाव के समय मोदी और अमित शाह ने बस्तर की जनता से वादा किया था कि नगरनार नहीं बिकेगा लेकिन बेचने की प्रक्रिया आज भी जारी है।भाजपा की सरकार की बुरी नजर केवल बस्तर के संसाधनों पर है। कांग्रेस पार्टी बस्तर के संसाधनों के बंदरबाँट के खिलाफ शीघ्र ही बड़ा जन आंदोलन चलाने जा रही है।

# बदमाश शिक्षकों की सूची मांगे जाने पर मचा हड़कंप

हारिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

शिक्षा विभाग में एक बार फिर प्रशासनिक गंभीरता की आड़ में विवादित आदेश ने शिक्षक समुदाय को झकझोर दिया है। विकासखंड गीदम के शिक्षा अधिकारी द्वारा 13 मई को जारी पत्र में समीक्षा बैठक के लिए जिन सूचनाओं की मांग की गई है, उसमें क्रमांक 8 पर बदमाशी में संलिप्त शिक्षक की जानकारी मांगी गई है वह भी स्पष्ट रूप से कड़ाई से उपलब्ध कराने के निर्देश के साथ।

शिक्षकों में इस शब्दावली को लेकर आक्रोश है। क्या किसी शिक्षक को बदमाश करार देना एक जिम्मेदार अधिकारी को शोभा देता है? यह सवाल अब जोर पकड़ता जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि विभागीय सूचनाएं चाहे जितनी भी आवश्यक हों, उनके लिए उपयोग की जाने वाली भाषा मर्यादित और गरिमामयी होनी चाहिए।

इस संदर्भ में स्थानीय शिक्षक संघों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इस पत्र को शिक्षा विभाग की गरिमा के विपरीत बताया है। उनका कहना है कि शिक्षक समाज को देश का निर्माता कहा जाता है, और यदि किसी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही होनी है तो वह निर्धारित प्रक्रिया से हो न कि उन्हें बदमाश जैसे शब्दों से नवाज़ा जाए।

### पत्र की समीक्षा की मांग

अब यह मांग तेज हो रही है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अपने शब्दों के चयन पर स्पष्टीकरण देना चाहिए और इस पत्र को तुरंत निरस्त किया जाए। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी से इस पत्र की जांच की मांग भी उठ रही है। क्या यह प्रशासनिक असंवेदनशीलता है या भाषा की चूक? यह तो आने वाले दिनों में सामने आएगा, लेकिन इतना स्पष्ट है कि यह पत्र गीदम शिक्षा विभाग के लिए एक बड़ी फजीहत बनता जा रहा है।

# प्रगतिरत कार्यों को माह के अंत तक करवाएं पूरा

हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस ने कहा कि जिला खनिज न्यास निधि और बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के अंतर्गत स्वीकृत देवगुड़ी, मातागुडी के विकास तथा अन्य

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

प्रगतिरत कार्यों को मई माह के अंत तक पूर्ण करवाएं इसके अलावा ग्रामों में विकास कार्यों का पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र भी जमा करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी और क्षेत्र के फूड इंस्पेक्टर को उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण का परीक्षण करें। कलेक्टर ने मंगलवार की शाम को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में निर्देशित किया ।



बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल, जन शिकायत पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में सुशासन तिहार के लिए शासन से प्राप्त फार्मेट में विभागों द्वारा डेटा अपलोड की जा रही उसकी समीक्षा भी किए। डीएमएफटी अंतर्गत अपूर्ण कार्यों का विभागवार एवं जनपद वार प्रगति की समीक्षा किए, वित्तीय वर्षों के आधार पर विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी में पेयजल सुविधा, शौचालय निर्माण और शून्य से छह वर्ष के बच्चों का सेल्फ आधार की जानकारी देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा की प्रगति के साथ पीएम किसान सम्मान निधि हेतु पंजीयन,इसके अलावा उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण, भंडारण हेतु डीडी राशि की जमा की स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड की अद्यतन प्रगति, बैंक में पशुधन, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी के प्रकरणों में प्रगति की समीक्षा किए। स्कूल शिक्षा से मुख्य मंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत विकास कार्यों की प्रगति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र द्वारा किए कार्यवाही की समीक्षा किए। स्वास्थ्य विभाग से सिकल सेल का जाँच और उपचार की समीक्षा करते हुए कैम्प आयोजित कर जुलाई माह तक कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की प्रगति, आत्मसमर्पित एवं नक्सल पीड़ितों को योजनाओं के लाभ और सुविधा देने पर चर्चा किया गया।

# पेंशनर्स महासंघ का आंदोलन स्थगित



हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत-पाक युद्ध के कारण बदली हुई स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के द्वारा राष्ट्र हित में 15 मई को कलेक्टोरेट के समक्ष आयोजित धरना प्रदर्शन को स्थगित किया गया है। उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने मीडिया को जारी बयान में कही है।

ताटी ने कहा कि संकट के इस दौर में राष्ट्रीय एकता बनाए रखना हम सबका पहला कर्तव्य है। जहां तक पेंशनरों के लंबित मांगों का सवाल है उसको पूरा करने के लिए आंदोलन अनुकूल परिस्थिति में प्रांतीय इकाई केआव्हान पर किया जाएगा। ताटी ने कहा अब केवल 15 मई को कलेक्टोरेट में मुख्य मंत्री छग शासन एवं मुख्य सचिव के नाम का मांगपत्र प्रतिनिधि मंडल के द्वारा कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411